# माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर

(पुँवारका, सहारनपुर, उ0प्र0, पिन–247120)

Website- msuniversity.ac.in Email ID – examcontroller@msuniversity.ac.in

पत्रांक : 3109 / गोपनीय / एम0एस0यू0 / 2024–25 दिनांकः 26/5/25

## विज्ञप्ति

एतत्द्वारा समस्त सम्बन्धित को सूचित किया जाता कि विश्वविद्यालय के एन0ई0पी0 के अन्तर्गत स्नातक स्तर के पाठ्यक्रमों (बी0ए0 / बी0एससी0 / बी0कॉम) के षष्टम् सेमेस्टर जून 2025 में छात्रो को एक लघुशोध परियोजना पूर्ण करना होता है। जिसका मूल्यांकन किया जाना है।

अतः उक्त के आलोक में अवगत कराना है कि मा0 कुलपति महोदया की अनुमति से छात्रो द्वारा जमा किये गये स्नातक स्तर के पाठ्यक्रमों (बी0ए0 / बी0एससी0 / बी0कॉम) के षष्टम् सेमेस्टर जून 2025 में लघुशोध परियोजना का मूल्यांकन महाविद्यालय के सम्बन्धित विषय के स्थायी / अनुमोदित शिक्षक द्वारा ही किया जायेगा अर्थात् बाह्य परीक्षक की आवश्यकता नहीं होगी। मूल्यांकन करने वाले आन्तरिक परीक्षक को वही मानदेय देय होगा जो विश्वविद्यालय द्वारा नामित बाह्य परीक्षक को देय होगा। यदि किसी कारणवश महाविद्यालय में किसी विषय का स्थायी / अनुमोदित शिक्षक उपलब्ध नही है तब महाविद्यालय को विश्वविद्यालय से परीक्षक नियुक्त कराना अनिवार्य होगा।

अतः अपेक्षित है कि लघुशोध परियोजना का शीघ्र मूल्यांकन कराकर अंक अविलम्ब ऑनलाइन पोर्टल पर अपलोड़ कराना सुनिश्चित करें, जिससे कि परीक्षाफल यथासमय घोषित किया जा सके।

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि निम्नलिखित का सूचनार्थ :–

1. सचिव कुलपति को, माननीय कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
2. समस्त सम्बन्धित महाविद्यालय।
3. वैयक्तिक सहायक, वित्त अधिकारी।
4. अधिकृत एजेन्सी।

सहायक कुलसचिव